HINDI

METROPOLITAN SYDNEY

शरणार्थी स्वास्थ्य नर्सें (Refugee Health Nurses)

समुदाय के सदस्यों के लिए जानकारी (Information for Community Members)

एन एस डबल्यू (NSW) शरणार्थी स्वास्थ्य सेवा में आपका स्वागत है। अपने स्वास्थ्य की देख-भाल करना बहुत आवश्यक है। यदि आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो नए देश में नया जीवन आरम्भ करना आसान होगा।

न्यू साऊथ वेल्ज़ में स्वास्थ्य प्रणाली से आपका पहला संपर्क हो सकता है **शरणार्थी स्वास्थ्य नर्स** से हो। ये विशेष रूप से प्रशिक्षित नर्सें होती हैं जो आपको सही स्वास्थ्य देख-भाल प्राप्त करने में सहायता कर सकती हैं।
हो सकता है कि ऑस्ट्रेलिया आने से पहले या यहाँ पहुँचने के बाद आपकी व आपके परिवार की स्वास्थ्य जाँच की गई होगी। पर, आप्रवासन विभाग केवल कुछ ही बीमारियों की जाँच करता है।
शरणार्थी स्वास्थ्य नर्स आपकी निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच करेगी। स्वास्थ्य जाँच से ऑस्ट्रेलिया आने के बाद आपके स्वास्थ्य में सुधार आ सकता है और आपको ऐसी स्वास्थ्य समस्याओं का पता चले के बारे में जानकारी मिले, जिनके बारे में आप पहले नहीं जानते थे।

स्वास्थ्य जाँच में एक घंटा या उससे अधिक समय लग सकता है और उसमें निम्नलिखित शामिल हो सकता है:

- आपके शारीरिक व भावात्मक स्वास्थ्य संबंधी सवाल
- रक्त चाप व अन्य जाँच
- रक्त जाँच करवाने का प्रबंध करना
- यदि आवश्यकता हो तो बीमारी से बचने के टीके लगवाने का प्रबंध करना।

जब आप नर्स से मिलने आएँ तो नीचे दी गई चीज़ें अपने साथ लेकर आएँ:

- जो भी दवाईयाँ आप ले रहे हैं
- बीमारी से बचने के टीके लगवाने का जो भी लिखित विवरण आपके पास हो
- आपके व आपके परिवार के स्वास्थ्य के बारे में जो भी कागज़ात आपके पास हों
- आपका मेडिकेयर कार्ड या नम्बर (यदि आपके पास हो तो)
- आपका स्वास्थ्य देखभाल कार्ड (यदि आपके पास हो तो)

आपकी उत्तम स्वास्थ्य देखभाल करने में मदद देने के लिए, शरणार्थी स्वास्थ्य नर्स आपके लिए एक व्यावसायिक दुभाषिए का प्रबंध कर सकती है।
सभी जानकारी गुप्त रखी जाएगी। आप नर्स को जो भी बताएँगे, उससे ऑस्ट्रेलिया में रहने संबंधी आपकी स्थिति पर कोई प्रभाव नहीं होगा।
आपको शरणार्थी स्वास्थ्य नर्स से एक बार से अधिक मिलना ज़रूरी हो सकता है। केस वर्कर आपको नर्स से मिलने के लिए जाने में मदद कर सकते हैं।
आपके स्वास्थ्य की जाँच के बाद शरणार्थी स्वास्थ्य नर्स आपके लिए पारिवारिक डॉक्टर (आम चिकित्सक या जी पी) ढूँढने में मदद करेगी, जो आपके रहने के स्थान के पास ही होगा। नर्स आपको ऐसी अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के पास भी भेज सकती है जो आपको व आपके परिवार को सहायता दे सकती हैं, जैसे कि दाँतों का क्लीनिक, महिला स्वास्थ्य केंद्र या बच्चों की स्वास्थ्य सेवाएँ।

शरणार्थी स्वास्थ्य नर्स से मिलने के लिए समय पक्का करने के लिए या अधिक जानकारी पाने के लिए, कृपया हमसे संपर्क करें। हम से बात करने के लिए यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है तो आप अनुवाद व दुभाषिया सेवा (Translation and Interpreting Service) को **13 14 50** पर फ़ोन कर सकते हैं।

शरणार्थी स्वास्थ्य नर्सें क्या सेवाएँ प्रदान करतीं हैं, इस विषय पर अधिक जानकारी पाने के लिए कृपया निम्नलिखित से संपर्क करें:

NSW शरणार्थी स्वास्थ्य सेवा
(NSW Refugee Health Service)

फ़ोन:
(02) 8778 0770

ईमेल:
refugeehealth@sswahs.nsw.gov.au

NSW Refugee Health Service
NSW HEALTH